लाड़ली लक्ष्मी पथ में रोड़ा बना मूल्यांकन प्रतिवेदन

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से विजयपुर बाइपास तक सड़क निर्माण के लिए एसडीएम के आदेश के बाद भी मूल्यांकन प्रतिवेदन के अभाव में धारा-19 की रुकी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सीधी, 18 जून। लाड़ली लक्ष्मी पथ में मूल्यांकन प्रतिवेदन रोड़ा बना है। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी से विजयपुर बायपास तक सड़क निर्माण हेतु एसडीएम के आदेश के बाद भी मूल्यांकन प्रतिवेदन के अभाव में धारा-19 की कार्यवाही रुकी है।

बताते चलें कि कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास द्वारा ग्राम कोटहा, सीधी कला, विजयपुर के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से ग्राम विजयपुर बायपास प्रस्तावित नवीन गल्ला मंडी तक सड़क निर्माण का कार्य होना है। प्रभावित भूमियों का धारा-11 की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। भूमियों पर स्थिति परिसम्पत्तियों के एलायमेंट के आधार पर भौतिक रूप से धारा-19 की कार्यवाही किया जाना है। एलायमेंट अनुसार मौके से भौतिक सत्यापन हेतु 6 सदस्यीय दल का गठन 1 जून 2026 को किया गया। टीम में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सीधी, अनुविभागीय अधिकारी पीएचई सीधी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकीय सेवाएं सीधी, वन परिक्षेत्राधिकारी सीधी, उपसंचालक उद्यानिकी विभाग सीधी, तहसीलदार गोपदबनास, राजस्व निरीक्षक गिर्द प्रथम/हल्का पटवारी कोटहा, सीधी कला, विजयपुर शामिल हैं। टीम को निर्देशित किया गया था कि सड़क निर्माण कार्य हेतु परियोजना में प्रभावित भूमियों एवं उस पर स्थिति परिसम्पत्तियों का एलायमेंट के आधार पर भौतिक रूप से मूल्यांकन कर अपने स्पष्ट अभिमत के साथ मूल्यांकन प्रतिवेदन 1 सप्ताह के अंदर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें ताकि धारा-19 की कार्यवाही की जा सके।

दल को 7 दिवस में प्रस्तुत करना था मूल्यांकन प्रतिवेदन

उपखण्ड अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी गोपद बनास सीधी द्वारा गठित 6 सदस्यीय दल को 1 जून 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 7 दिवस में मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे धारा-19 की कार्यवाही की जा सके। विडम्बना यह है कि पटवारियों की मनमानी से निर्धारित समय बीतने के बाद भी मूल्यांकन प्रतिवेदन नहीं मिल सका।

इनका कहना है

लाड़ली लक्ष्मी पथ की उक्त सड़क के स्पाट का मेरे द्वारा निरीक्षण कराया जा रहा है। 15 दिवस में धारा-19 की कार्यवाही पूरी कर होने के बाद सड़क निर्माण से संबंधित अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

विकास मिश्रा, कलेक्टर-सीधी

उपखण्ड अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी गोपद बनास जिला-सीधी द्वारा सीधी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से ग्राम विजयपुर बायपास तक सड़क निर्माण हेतु धारा-19 के कार्यवाही हेतु गठित दल को मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन दल से संबंधित पटवारी के द्वारा समय नही देने के कारण मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत नही हो सका।

स्तुति गौतम, एसडीओ पीडक्यूडी उप संभाग-सीधी

संसाधनों का उपयोग केवल विद्यार्थियों के लिए : विकास

कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर की विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और छात्र-केन्द्रित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, अधोसंरचना तथा वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावासों के लिए उपलब्ध कराई जा रही राशि का उपयोग केवल विद्यार्थियों के हित और उनके सर्वांगीण विकास के लिए किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, सहायक आयुक्त जोधा सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं छात्रावासों के अधीक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि कन्या छात्रावासों एवं कन्या आश्रमों की व्यवस्थाओं में विशेष सुधार लाया जाए तथा बालक एवं कन्या आश्रमों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को निर्धारित डाइट प्लान के अनुसार पौष्टिक, संतुलित एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही सभी छात्रावास परिसरों में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए ताकि विद्यार्थियों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां उपलब्ध हो सकें।

बैठक में कलेक्टर ने विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें, गणवेश एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग केवल छात्रावासों में ही किया जाए तथा उनके संरक्षण और पारदर्शी प्रबंधन को सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रावासों में आवश्यक खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद प्राथमिकता के आधार पर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से की जाए। बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के पिता का जाति प्रमाणपत्र उपलब्ध है, उनके जाति प्रमाणपत्र 30 जून तक अनिवार्य रूप से तैयार किए जाएं।

अपाक्स की रामपुर नैकिन में बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

रामपुर नैकिन 18 जून। मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अपाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन की बैठक गत दिवस रामपुर नैकिन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीराम सोनी रहे। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रामपुर नैकिन जगदीश प्रसाद साकेत द्वारा की गई।

बैठक के दौरान तहसील इकाई रामपुर नैकिन का विस्तार करते हुए राकेश लहरी माध्यमिक शिक्षक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ईश्वर दीन प्रजापति प्राथमिक शिक्षक को उपाध्यक्ष, रामाश्रय सिंह एवं दीनदयाल हरिजन प्राथमिक शिक्षक को संगठन सचिव व अरुण कुमार जायसवाल एवं रामपाल कुशवाहा को सर्वसम्मति से संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से रामपुर नैकिन ब्लॉक के अध्यक्ष प्रसून कुमार पटेल, तहसील रामपुर के सचिव राजकुमार गोयल एवं कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, राकेश सिंह, बृजलाल साकेत आदि काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमपीपीएससी : डॉ .मनीष कुमार पाण्डेय बने सहायक प्राध्यापक

नवभारत न्यूज

चुरहट 18 जून। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा-2024 में भूगोल विषय से चयनित होकर डॉ.मनीष कुमार पाण्डेय ने न केवल अपने परिवार बल्कि शासकीय महाविद्यालय चुरहट एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय जनों में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

डॉ.मनीष कुमार पाण्डेय रामकिंकर पाण्डेय एवं श्रीमती विद्यावती पाण्डेय के सुपुत्र हैं तथा ग्राम गंगापुर जिला रीवा के मूल निवासी हैं। वे वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय चुरहट में भूगोल विषय के अतिथि विद्वान के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वर्ष 2014-15 से लगातार महाविद्यालय में अध्यापन कार्य करते हुए उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा, मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष विक्रम यादव, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.मनोज तिवारी सहित डॉ.राजेश त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक रमाकांत दुबे, आशीष पाण्डेय एवं अरुण पाण्डेय, डॉ.विभा सिंह सहित अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों, पूर्व छात्र व समाजसेवी सुभाष कुमार पाण्डेय एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ ही उनके द्वारा पढ़ाए गए पूर्व छात्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

वर्षाकाल में जलमग्न पुलों एवं रपटों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। वर्षाकाल के दौरान जलमग्न पुलों एवं रपटों पर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग ने आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीधी ने आदेश जारी कर पूर्व वर्षों की भांति जलमग्न स्थलों पर अस्थायी बैरियरों के संचालन एवं निगरानी के लिए कर्मचारियों एवं श्रमिकों की ड्यूटी 15 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की है। जारी आदेश के अनुसार चूल्ही-बढ़ौरा मार्ग स्थित जलमग्न रपटा पर सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक कृष्ण कुमार कुशवाहा एवं भागीरथी केवट, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक रामसिया केवट एवं देवनाथ विश्वकर्मा तथा रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक रामस्वरूप यादव एवं दिनेश यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सेमरिया-झगरहा मार्ग स्थित जलमग्न रपटा पर सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक रामरूप बैगा एवं संजीव सिंह, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक शिवाकांत विश्वकर्मा एवं बाबूलाल यादव तथा रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक रामनेवाज यादव एवं तामेश्वर प्रसाद तिवारी की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

आम जनता लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर : विवेक

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। शिवसेना इकाई जिला सीधी ने रीवा संभाग के संभागीय आयुक्त से जिले में जन समस्याओं के निराकरण में हो रही लापरवाही, अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने तथा पीड़ितों पर दबाव बनाकर सीएम हेल्पलाइन शिकायतें बंद कराने जैसे गंभीर मामलों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा कि आम जनता लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है लेकिन उन्हें समय पर न्याय नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कई अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं जिससे जनता का शासन-प्रशासन पर विश्वास कमजोर हो रहा है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जिम्मेदार अधिकारी अपने व्यवहार और कार्यशैली में तत्काल सुधार नहीं लाते, जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं करते और कामचोरी बंद नहीं करते तो शिवसेना जनता के साथ मिलकर व्यापक जन आंदोलन, धरना-प्रदर्शन, चौक-चौराहों पर विरोध और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों एवं आवासों का लोकतांत्रिक तरीके से घेराव करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को अनदेखा करने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय रहते अधिकारी अपनी जवाबदेही समझें अन्यथा जनता के आक्रोश का सामना करने के लिए तैयार रहे।

कॉलेज की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपकर कर किया पुतला दहन

नवभारत न्यूज

चुरहट 18 जून। शासकीय महाविद्यालय चुरहट में व्याप्त विभिन्न समस्याओं, छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानियों तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कॉलेज प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई चुरहट अध्यक्ष आयुष सिंह बघेल ने किया। ज्ञापन में कॉलेज आने-जाने वाले मार्ग पर शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की खाली बोतलें मिलने से छात्राओं की सुरक्षा पर उठ रहे सवालों, कॉलेज तक पहुंचने के लिए परिवहन सुविधा अभाव, नियमित कक्षाओं के संचालन में लापरवाही, परिसर में साफ-सफाई की बदहाल स्थिति, शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था न होने, साइंस लैब की कमी, खेल सुविधाओं के अभाव तथा अन्य मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो छात्रों के साथ मिलकर बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

पॉक्सो एक्ट एवं बाल संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण

कार्यक्रम में विधायक और कलेक्टर ने किया संबोधित

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और उनके अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सीधी द्वारा संचालित 'जागृति अभियान' के अंतर्गत टाटा कॉलेज सीधी में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रीती पाठक एवं कलेक्टर विकास मिश्रा ने प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम तथा बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक रीती पाठक ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित बचपन ही उनके सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। माता-पिता को बच्चों से नियमित संवाद करना चाहिए तथा उनके विद्यालय, मित्रों और दैनिक गतिविधियों के बारे में आत्मीयता के साथ जानकारी लेते रहना चाहिए। प्रशिक्षण की वास्तविक सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब यहां प्राप्त जानकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदाय के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचे। श्रीमती पाठक ने कहा कि बाल सुरक्षा जनभागीदारी का विषय है। इसलिए विद्यालयों, छात्रावासों और समुदाय स्तर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और समाज के जिम्मेदार नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण किया जा सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि अनेक बच्चे और किशोर किसी न किसी रूप में उत्पीड़न का सामना करते हैं लेकिन सामाजिक अथवा पारिवारिक कारणों से अपनी बात सामने नहीं रख पाते।

ऐसे में शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों के साथ विश्वास का रिश्ता स्थापित करें, जिससे वे बिना किसी भय के अपनी समस्याएं साझा कर सकें।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल कानूनों की जानकारी देना नहीं, बल्कि बच्चों तक सही तरीके से संदेश पहुंचाने की क्षमता विकसित करना भी है।

समस्याओं का समाधान कर नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना शिविरों का उद्देश्य : रीती

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। प्रदेश सरकार की जनहितैषी एवं अंत्योदय आधारित कार्यशैली को धरातल पर उतारते हुए जनपद पंचायत सभागार में आयोजित 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर का समापन विधायक रीती पाठक की गरिमा मयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

शिविर के दौरान प्राप्त 21191 आवेदनों में से 21174 आवेदनों का निराकरण एवं स्वीकृति सुनिश्चित की गई, जो जनकल्याण अभियान की प्रभावशीलता और प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रमाण है। विधायक रीती पाठक ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरित किए तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं, मांगें एवं सुझाव सुने और शेष लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। श्रीमती पाठक ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं बल्कि समस्याओं का समाधान कर नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि तीनों दिनों तक उनकी सहभागिता का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी पात्र नागरिक को अपने अधिकारों के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि 21191 आवेदनों में से 21174 आवेदनों का निराकरण यह दर्शाता है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। जपं अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि जनकल्याण शिविरों ने शासन और जनता के बीच की दूरी को कम किया है। पंचायत स्तर पर समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था मजबूत होने से लोगों को त्वरित राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर आवेदनों का निराकरण होना प्रशासनिक दक्षता और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य के लिए सिहावल सब स्टेशन में आज रहेगा शटडाउन

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मानसून के दौरान अधिक सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से 132 केव्ही सब स्टेशन सिहावल में प्री-मानसून मेंटेनेंस एवं टेस्टिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए 19 जून शुक्रवार को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित किया गया है।

अधीक्षण अभियंता शिवेन्द्र सिंह बघेल म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी ने बताया कि कार्यपालन यंत्री (परीक्षण), म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, सिंगरौली द्वारा 132/33 केव्ही 50 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर पर आवश्यक प्री-मानसून मेंटेनेंस एवं तकनीकी परीक्षण कार्य किए जाने हेतु शटडाउन का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित शटडाउन अवधि के दौरान 33 केव्ही गेरूआ एवं 33 केव्ही बीछी फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। वहीं 33 केव्ही अमिलिया फीडर की विद्युत आपूर्ति बैक फीडर के माध्यम से देवसर से जारी रखी जाएगी, जिससे संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा हो। मौसम एवं तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार शटडाउन की अवधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

नवागत सीएमओ के प्रभार लेने के पहले धरने पर नपा सफाई कर्मी

वेतन न मिलने को लेकर सफाई कर्मियों ने दिया धरना, सीएमओ के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त

नवभारत न्यूज

सीधी 18 जून। नगर पालिका में सफाई कर्मियों का वेतन पिछले एक माह से न मिलने के विरोध में करीब सैकड़ा भर सफाई कर्मियों ने आज नगर पालिका के मुख्य गेट पर धरने में बैठे रहे। वहीं आज नवागत सीएमओ शीतल भालवी ने प्रभार लिया, उसके पहले धरने में बैठे सफाई कर्मियों से वह सीधे मुलाकात की एवं उन्हें वेतन दिलाने का आश्वासन दिए। इसके बाद सफाईकर्मियों ने धरना समाप्त किया।

मालूम हो कि सफाई कर्मियों की संख्या सीधी नगर पालिका में करीब सैकड़ा भर से ज्यादा है। जहां उन्हें वेतन समय पर न मिलने को लेकर नाराजगी देखी गई। सफाई कर्मियों को उम्मीद थी कि नई सीएमओ आएंगी तो वेतन दिलाने का काम करेंगी। आखिर वही हुआ, दोपहर बाद जब सीएमओ प्रभार लेने आई तो सफाई कर्मियों को वेतन दिलाने का आश्वासन भी दिए एवं कहा कि सभी लोग काम करें, जो भी दिक्कत होगी हम आपके साथ हैं। सीएमओ के आश्वासन के बाद सफाईकर्मियों का आंदोलन समाप्त हुआ है।

अब शीघ्र होगा वेतन का भुगतान : काजल

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा ने कहा कि नगर पालिका के सफाई कर्मियों का वेतन एक माह से नहीं मिला था। सीएमओ आज पदभार ग्रहण कर ली हैं। अब जल्द ही उनके वेतन का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों को भी इस मामले में समझाइस दी गई है, उसके बाद वह काम पर वापस लौट गए हैं।

नगर की स्वच्छता रहेगी पहली प्राथमिकता : शीतल

नगर पालिका सीधी में पदभार ग्रहण करने के बाद शीतल भालवी ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिले इसको लेकर भी विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। नगर पालिका में सभी वार्ड पार्षदों से बैठकर चर्चा करेंगे उसके साथ ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से भी बात करेंगे। जहां जो समस्याएं होंगी उसका निराकरण करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

कलेक्टर के निर्देश पर पेयजल समस्या का समाधान

सीधी 18 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड कुसमी की ग्राम पंचायत पोंड़ी अंतर्गत ग्राम घटिया टोला स्थित बैगा बस्ती में पेयजल समस्या के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सीधी के कार्यपालन यंत्री त्रयंबकेश कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में 16 जून को बैगा बस्ती में नलकूप खनन कार्य कराया गया। नलकूप सफल होने के बाद बस्ती के लगभग 70 घरों में निवासरत करीब 250 ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होने लगा है। लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिलने पर बैगा बस्ती के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रति आभार जताया।